## होली पर चलेंगी 742 विशेष ट्रेनें

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** होली पर रेलवे 742 विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू करेगा। इनमें 350 विशेष ट्रेनें उत्तर रेलवे की ओर से चलाई जाएंगी। रेलवे के अनुसार, नई दिल्ली, आनंद विहार, पुरानी दिल्ली और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी गई है।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, नई दिल्ली समेत दूसरे प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए पूछताछ काउंटर, सहायता शिविर, मेडिकल सुविधा की गई है। वहीं, त्योहारों पर भीड़ को नियंत्रण करने के लिए स्टेशनों को कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए प्लेटफॉर्म, प्रवेश और निकास द्वारों पर निगरानी की जाएगी। प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज और ट्रेनों के भीतर आरपीएफ और जीआरपी तैनात होगी। नई दिल्ली स्टेशन पर कुछ ट्रेनों के प्लेटफॉर्म भी बदले गए हैं।

## बेइज्जती का बदला लेने के लिए की हत्या नाबालिग समेत तीन आरोपी पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाने के स्टाफ ने फैक्ट्री मालिक की हत्या का मामला सुलझाकर एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से हत्या के हथियार और बाइक बरामद की है। आरोपियों न बेइज्जती का बदला लेने के लिए यह हत्या की थी।

दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 20 फरवरी, की रात,गौतम कॉलोनी के रहने वाले फैक्ट्री मालिक रवि (28) को उनकी फैक्ट्री से बाइक पर निकलते हुए हमलावरों के एक ग्रुप ने चाकुओं से हमला किया, जिससे उनकी गर्दन, कंधे और पीठ पर कई घाव हो गए। रवि को नरेला हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के बड़े भाई, की शिकायत के बाद, नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में मामला दर्ज कर एसीपी नरेला की देखरेख में एसएचओ नरेला औद्योगिक क्षेत्र मनोज कुमार के नेतृत्व में टीम बनाई गई। शुरुआती जांच से पता चला कि हमला काम की जगह पर हुए झगड़े की वजह से हुआ था। 19 फरवरी को रवि और राहिद उर्फ घ्घ्राहिल नाम के एक मजदूर के बीच काम के निर्देशों को लेकर झगड़ा हुआ। आरोप है कि इस झगड़े के दौरान रवि ने राहिद को थप्पड़ मार दिया। इस बेइज्जती का बदला लेने के लिए, राहिद ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री मालिक को खत्म करने की क्रिमिनल साजिश रची। इसके बाद टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस के टीम ने आरोपी रितिक (18) अभय उर्फ घ्घ्हनुमान (19) और एक सीसीएल को पकड़ लिया।पुलिस ने उनके पास से जुर्म का हथियार बरामद किया है

# स्थायी समिति की बैठक में नागरिक हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति की अध्यक्ष श्रीमती सत्या शर्मा की अध्यक्षता में आज आयोजित बैठक में नागरिक सुविधाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सफाई व्यवस्था, आवारा पशुओं की समस्या, पार्कों के रख-रखाव, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, प्रदूषण नियंत्रण उपायों तथा सामुदायिक भवनों के अधिकतम उपयोग जैसे मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित पार्षदों द्वारा दिए गए सुझावों पर समिति ने विस्तार से चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को ठोस, समयबद्ध और परिणाम-आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

बैठक में स्थायी समिति अध्यक्ष ने बताया की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पारित बजट में दिल्ली को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने, नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान, जनसु. विधाओं के विस्तार और सतत विकास हेतु अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बजट में घोषित सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिन योजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया आवश्यक नहीं है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रारंभ किया जाए।

बैठक में आवारा पशुओं, विशेषकर आवारा गायों की समस्या पर भी गंभीर चर्चा हुई। स्थायी समिति अध्यक्ष ने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए दिल्ली सरकार से वार्ता की जाएगी तथा गौशाला हेतु भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस विषय को लेकर अत्यंत गंभीर है और शीघ्र ठोस समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

श्रीमती सत्या शर्मा ने सभी जोन के निगम विद्यालयों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया जाए कि वर्तमान में कितने विद्यालय संचालित हैं, कितने बंद किए गए हैं तथा कितने विद्यालयों का विलय (मर्ज) किया गया है।

बैठक सकारात्मक एवं समाधान-उन्मुख रही, जिसमें पार्षदों द्वारा अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए और जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। स्थायी समिति अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा

## जेएनयू में एबीवीपी व लेफ्ट छात्रों के बीच मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** जेएनयू में रात डेढ़ बजे एबीवीपी और लेफ्ट छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों संगठन एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। विश्वविद्यालय में रविवार रात को जेएनयू वीसी के इस्तीफे की मांग को लेकर समता जुलूस निकाला गया था। साथ ही पिछले एक हफ्ते से जेएनयू छात्र संघ के निष्कासित पदाधिकारियों द्वारा परिसर में धरना भी जारी है। छात्र संगठन परिसर में पत्थरबाजी और लाठी-डंडों से पीटने का भी आरोप लगा रहे हैं।

एबीवीपी और लेफ्ट ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। छात्रों के मुताबिक, यह घटना रविवार दे रात करीब 1.30 बजे हुई, जहां स्टूडेंट्स के बीच झगड़े के बाद कथित तौर पर पत्थरबाजी में कई स्टूडेंट्स घायल हो गए। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में लेफ्ट-विंग ग्रुप्स और एबीवीपी वर्कर्स के बीच हुई झड़प पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ के जॉइंट सेक्रेटरी वैभव मीणा ने कहा कि लेफ्ट विंग की हड़ताल पिछले सात-आठ दिनों से यहां चल रही है। जिस तरह का आतंक उन्होंने रात भर फैलाया है वे स्कूलों में गए और 300-400 नकाबपोश लोगों की भीड़ ने स्टूडेंट्स को स्टडी रूम से भगा दिया। विजय नाम के युवक के साथ 100-150 लोगों की भीड़ ने मारपीट की लेकिन दिल्ली पुलिस ने मामले में कुछ नहीं किया हम इसकी निंदा करते हैं।

एबीवीपी मीडिया कन्वीनर विजय जायसवाल ने कहा कि ये लेफ्ट-विंग के लोग जो 7 दिनों से प्रोटेस्ट कर रहे थे, आज उन्होंने एबीवीपी वर्कर्स और स्टूडेंट्स को टारगेट किया। करीब 100-150 लोगों ने मॉब लिंचिंग की। दिल्ली पुलिस और जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी सिक्योरिटी गार्ड भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया। यह प्री-प्लान्ड था ये नकाबपोश लोग थे हम मांग करते हैं कि एडमिनिस्ट्रेशन इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ एक्शन ले।

वहीं, जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने दावा किया किया वीसी ने गुंडे भेजे, जिन्होंने उनपर पत्थरबाजी की। उन्होंने ताले भी तोड़ दिए और हमें गाली दी और हमला किया। उधर, जेएनयू में हुए बवाल पर विश्वविद्यालय प्रशासन का बयान आया है।

जिसमें कहा गया, श्जेएनयू एडमिनिस्ट्रेशन को पता चला है कि कैंपस के अंदर कई एकेडमिक बिल्डिंग्स को प्रोटेस्ट कर रहे स्टूडेंट्स के एक ग्रुप ने कथित तौर पर बंद कर दिया था।

## वार्षिक उत्सव उत्कर्ष 2026 का हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशलन स्टडीज (एडीजीआईपीएस) के वार्षिक तकनीकी- सास्कृतिक उत्सव उत्कर्ष 2026 का भव्य समापन समारोह कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट श्रीमति सोनाक्षी दास जी थीं। इस अवसर पर अतिथि के रूप में डॉ. विजय धीर, प्रो. डॉ. निरंजन भट्टाचार्य, बी.एम.के. गुप्ता, श्रीमती पंखुड़ी अग्रवाल, और समस्त विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट श्रीमति सोनाक्षी दास जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेरे लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है मुझे समापन समारोह में उपस्थित रहने का मौका मिला। इस वर्ष के उत्सव का विषय "विरासत से विकास तक" हमारी सोच और दृष्टि को बहुत सुंदर रूप से दर्शाता है। उत्कर्ष केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रतिभा, रचनात्मकता और सहयोग का मंच है, जो विद्यार्थियों को उनकी क्षमता पहचानने और भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर बीटेक, प्रबंधन और लॉ के छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के आधार पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही मिस्टर और मिस उत्कर्ष 2026 को माननीय उपाध्यक्ष श्रीमति सोनाक्षी दास गुप्ता जी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

संस्थान के निदेशक डॉ. निरंजन भट्टाचार्य ने अपने धन्यवाद संबोधन में कहा पारस्परिक मार्गदर्शन और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण यह संस्थान निरंतर हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है।

माननीय चेयरपर्सन मैम श्रीमती अलका दास गुप्ता जी, माननीय अध्यक्ष महोदय विराज सागर दास जी और माननीय उपाध्यक्ष श्रीमती देवांषी दास जी ने इस अवसर पर संस्थान के सभी फैकल्टी, स्टाफ, छात्र-छात्रों को इस वार्षिक तकनीकी-सास्कृतिक उत्सव उत्कर्ष 2026 के सकुशल समापन पर हार्दिक बधाई दी।

एक नजर

## सोलो कला प्रदर्शनी बिकमिंग का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** कलाकार डॉ. प्रलय दत्ता की बिकमिंग नामक सोलो कला प्रदर्शनी का आयोजन 26 फरवरी 2026 तक ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसाइटी नई दिल्ली में किया जा रहा है, प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्म श्री बिमान बिहारी दास प्रेसिडेंट आईफैक्स और लेखिका डॉक्टर तस्लीमा नसरीन ने किया, रवींद्र भारती यूनिवर्सिटी से कमर्शियल आर्ट्स और नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी से लिटरेचर में मास्टर डिग्री रखने वाले डॉ. दत्ता की कला प्रैक्टिस में फिलॉसॉफिकल गहराई और कंपा.`जीशनल का खूबसूरत तालमेल है। उनका एब्स्ट्रैक्शन असलियत से नहीं, बल्कि जटिलता मे देखने का एक तरीका है, डॉ. दत्ता के एब्स्ट्रैक्ट कैनवस जहां लेयर्ड टेक्सचर, के जरिए उभरे, घुले और फिर से बने। बिकमिंग कला यात्रा में एक अहम पड़ाव साबित हुई, जिसने रूप और शांति की भाषा के जरिए बदलाव को खोजने के उनके कमिटमेंट को और पक्का किया।

## स्वामी श्रद्धानंद का जन्मदिन मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा ने आज स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज के 170वें जन्म जयंती समारोह को बड़ी भक्ति और उत्साह से मनाया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षा विद्वान और आर्य समाज के शिखर पुरुष रहे। कार्यक्रम एनडीएमसी सम्मेलन केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जहां दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस शिव नारायण ढींगरा, विधायक व मंदिर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष करणैल सिंह, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज, फरीदाबाद गुरुकुल इंद्रप्रस्थ के आचार्य रिषिपाल जी, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की कुल. पति प्रोफेसर प्रतिभा मेहता लूथरा, विनय आर्य, महासचिव, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा तथा अन्य प्रमुख सामाजिक, धार्मिक व जननेता शामिल हुए।

## प्लास्टिक कचरे को लेकर किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एवीआरओ इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन सुशील अग्रवाल ने कहा है कि प्लास्टिक को कचरा समझना एक बड़ी भूल है। प्लास्टिक भी लोहे, तांबे और अन्य धातुओं की तरह एक मूल्यवान कच्चा माल है, जिसे पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के माध्यम से बार-बार उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक एक पॉलीमर है, जिसे तकनीकी प्रक्रिया के माध्यम से दोबारा पिघलाकर नए उत्पादों में परिवर्तित किया जा सकता है। यदि समाज प्लास्टिक को अलग-अलग एकत्र कर कबाड़ी या रीसाइक्लिंग चौनल तक पहुंचाए, तो यह न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभकारी सिद्ध होगा।

## राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद की कार्यप्रणाली को लेकर चिंता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद की कार्यप्रणाली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उर्दू के प्रचार-प्रसार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकल्प लंबे समय से लंबित पड़े हैं, जिससे साहित्यिक और शैक्षणिक वर्गों में बेचौनी पाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएमओ से प्राप्त उत्तर के बाद यह अत्यंत चिंताजनक है कि दो वर्षों का लंबा समय बीत जाने के बावजूद अभी तक परिषद की कोई नियमित बैठक आयोजित नहीं की गई है। उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष ने इस स्थिति पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए मांग की कि परिषद को तुरंत सक्रिय किया जाए और लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आपात कदम उठाए जाएं।

## रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेडिसन होटल ग्रुप (आरएचजी) और एमबीडी ग्रुप ने आज एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जो मास्टर फ्रेंचाइजी समझौते के तहत भारत में आरएचजी के लग्जरी और लाइफस्टाइल ब्रांड्स ख्र रेडिसन कलेक्शन और रेडिसन रेड ख्र के विस्तार को समर्थन देगी। यह साझेदारी आरएचजी के वैश्विक ब्रांड मानकों और गवर्नेंस फ्रेमवर्क पर आधारित है और भारत में लग्जरी हॉस्पिटैलिटी एवं लाइफस्टाइल सेगमेंट के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सहयोग के माध्यम से आरएचजी के वैश्विक ब्रांड प्लेटफॉर्म और एमबीडी ग्रुप की विकास व संच.ालन विशेषज्ञता को एक साथ लाया जाएगा।

# एमसीडी स्कूलों की जल्द मरम्मत नहीं हुई तो सड़क पर उतरेगी आप : प्रियंका सक्सेना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के जर्जर स्कूलों को लेकर भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया है। एमसीडी के सह प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि इस एआई युग में एमसीडी के खंडहर स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे दुनिया का कैसे मुकाबला करेंगे? जब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी, तभी भारत में एआई का भविष्य भी मजबूत होगा, लेकिन एमसीडी के 668 स्कूल जर्जर हालत में हैं, जहों टीचर और बच्चे डर के साये में रहने को मजबूर हैं। बाबरपुर स्थित एक जर्जर एमसीडी स्कूल की मरम्मत के लिए प्रिंसिपल ने कई पत्र लिखे, लेकिन विभाग नजरअंदाज कर रहा है। अगर भाजपा सरकार एमसीडी के




जर्जर स्कूलों की जल्द मरम्मत नहीं कराती है तो आम आदमी पार्टी सड़क पर आंदोलन करेगी।

सोमवार को सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर प्रवीण कुमार ने कहा कि दिल्ली में अभी पिछले दिनों एआई समिट हुआ और उसमें नए-नए आविष्कारों के बारे में बताया गया। लेकिन असलियत में यह आविष्कार जहां लागू होने हैं या जिस पीढ़ी को इनका उपयोग करना है या जहां सिखाए जाने हैं, क्या वो इसके लिए तैयार है? दिल्ली के नगर निगम स्कूलों की हालत इतनी ज्यादा बुरी है कि वहां पर बच्चों, शिक्षकों और प्रधानाचार्य को जाने में भी डर लगता है।

प्रवीण कुमार ने कहा कि अधिकारी 2023 से लगातार सर्वेक्षण कर रहे हैं और कह रहे हैं कि नई बिल्डिंग की जरूरत नहीं है। इसे मरम्मत कर देंगे। स्कूल में लगातार 24 घंटे पानी टपकता रहता है और सारे लेंटर खुल रहे हैं। पिछले कई सालों से प्रधानाचार्य द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई पत्र लिखा गया है। लेकिन पैसा न होने का जवाब मिलता है। विभाग पत्रों को अनदेखा कर रहा है और प्रधानाचार्य को मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने प्रधानाचार्य और देखभाल करने वाले कर्मचारियों द्वारा विभाग को लिखे गए पत्र को पढ़कर बताया कि उन्होंने अपनी विडंबना जाहिर की है।

## 'परिस्कृति-2026' में देशभर की हाथकरघा परंपराएं प्रदर्शित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त (हाथकरघा) कार्यालय के अंतर्गत वीवर्स सर्विस सेंटर, दिल्ली द्वारा 'परिस्कृति-2026' नामक सप्ताह भर चलने वाली विशेष हाथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। यह प्रदर्शनी देश की उत्कृष्ट हाथ से बुनी परंपराओं को सीधे बुनकरों से राजधानी के लोगों तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एम बीना, विकास आयुक्त (हाथकरघा) द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी 28 फरवरी 2026 तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, मैक्समूलर मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।




प्रदर्शनी में कुल 21 विशेष हाथकरघा स्टॉल लगाए गए हैं, जिनका संचालन मुख्य रूप से राष्ट्रीय हाथकरघा पुरस्कार से सम्मानित बुनकरों द्वारा किया जा रहा है।

## सराय काले खां आईएसबीटी पर मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रैपिड रेल के शुरू हो जाने के बाद अब दिल्ली सरकार सराय काले खां अंतरराष्ट्रीय बस टर्मिनलों (आईएसबीटी) पर फोकस करने जा रही है। आईएसबीटी के उन्नयन पर ध्यान दिया जाएगा। दिल्ली सरकार शहर के तीन अंत.रराष्ट्रीय बस टर्मिनलों (आईएसबीटी) सराय काले खां, आनंद विहार और कश्मीरी गेट पर अगले माह से व्यापक उन्नयन (अपग्रेडेशन) शुरू करने जा रही है। जिसका लक्ष्य छह महीने में पूरा करना है। मगर अब सराय काले खां प्राथमिकता में आ गया है। दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम (डीटीआइडीसी) द्वारा शुरू किए जाने वाले इस नवीनीकरण कार्य की अनुमानित लागत 34 करोड़ है। इसमें नागरिक, विद्युत और इलेक्ट्रो-मैकेनिकल मरम्मत के साथ-साथ आधुनिक यात्री सूचना प्रणाली की स्थापना, आरएफआइडी आधारित प्रवेश निगरानी और वाणिज्यिक और यात्री सुविधाओं का विस्तार शामिल होगा। तीनों आईएसबीटी के पुनर्विकास पर अगले माह से शुरू होगा काम

योजना के तहत वास्तविक समय में बस के आगमन और प्रस्थान की जानकारी दिखाने वाले एलईडी डिस्प्ले बोर्ड और आरएफआईडी-आधारित बूम बैरियर परिचालन निगरानी में सुधार के लिए स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना में कुशल कामकाज सुनिश्चित करने के लिए विद्युत प्रणालियों, भवन अवसंरचना, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा प्रणालियों का रखरखाव और उन्नयन शामिल है।

## हमदर्द व पिफक्की ने जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रमजान के पवित्र माह में सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए हमदर्द नेशनल फाउंडेशन और फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन (फिक्की) के संयुक्त तत्वावधान में अराम पार्क क्षेत्र में य किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'शिक्षा और संस्कार' विषय पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता फिक्की के संस्थापक चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने की। इस अवसर पर दिल्ली



अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन जाकिर खान, पूर्व निगम प्रत्याशी परवीना शर्मा, कांग्रेस नेता डॉ. नीतू बालाजी, हाफिज सलीम अहमद, डॉ. मोहम्मद इलियास सैफी, जावेद अनवर समानी, मोहम्मद जावेद मलिक, मोहम्मद यूसुफ, अय्यूब अहमद, सलीम मलिक, अफजल अहमद, डॉ० मौहम्मद इमरान, मुस्तफा गुड्डू, फिक्की महिला विंग की अध्यक्ष शहाना परवीन, तथा इस्लामिक प्रवक्ता जायदा परवीन सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जाकिर खान ने कहा कि संस्कार हमारे जीवन को सरल और संतुलित बनाते हैं।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. मुश्ताक अंसारी ने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन के ओएसडी शौकत एच एच मुफ्ती का आभार व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान करीब 150 गरीब और जरूरतमंद परिवारों को रमजान खाद्य किट वित.रित की गई।

## वायु गुणवत्ता मानकों में बदलाव की उम्मीद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर सहित देशभर में सांस लेने वाली हवा की शुद्धता मापने वाले पैमानों (राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक) में 17 साल बाद एक बड़ा बदलाव होने की उम्मीद जगी है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने संशोधित मानकों पर अपनी अंतिम तकनीकी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को सौंप दी है। इस आशय की पुष्टि स्वयं सीपीसीबी सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता की एक आरटीआइ के जवाब में की है।

वायु गुणवत्ता के मौजूदा मानक आखिरी बार साल 2009 में तय किए गए थे। लंबे समय से विशेषज्ञ इन मानकों को पुराना और स्वास्थ्य के लिए अपर्याप्त बता रहे थे। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वर्तमान में पीएम 2.5 (हवा में मौजूद सूक्ष्म कण) का 24 घंटे का औसत मानक 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार यह केवल 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होना चाहिए। इसी तरह वार्षिक मानक में भी भारी अंतर है। नए संशोधनों से उम्मीद है कि भारत अपने मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के करीब लाएगा ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य की बेहतर सुरक्षा हो सके।

## लाल किला, विधानसभा व स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** धौला कुआं में आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड पर एयर फोर्स बाल भारती स्कूल को एक ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली विधानसभा, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस धमकी भरे ई-मेल के प्राप्त होते ही स्कूल प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए, स्कूल परिसर को खाली करा लिया गया और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा गहन जांच की। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद दोनों स्कूलों के एडमिनिस्ट्रेशन ने सुबह अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रशासन को एक अज्ञात ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें स्कूल को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। ई-मेल मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर पूरे स्कूल परिसर को खाली कराया और चप्पे-चप्पे की तलाशी शुरू कर दी। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को बाहर निक.ाला गया। ई-मेल के जरिए दिल्ली विधानसभा और लाल किला को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, श्दो स्कूलों, आर्मी पब्लिक स्कूल, धौला कुआं और एयर फोर्स बाल भारती स्कूल, लोधी रोड को ईमेल से बम की धमकी मिली थी। एहतियात के तौर पर जगह खाली करा ली गई और पूरी तरह से सर्च ऑपरेशन चलाया।

जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बारीकी से जांच की गई, लेकिन बम या विस्फोटक जैसी कोई चीज बरामद नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सचिवालय, दिल्ली विधानसभा, लाल किला और देश की राजधानी के दो स्कूलों समेत कई संस्थानों को सोमवार को ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिली। जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, जिसके बाद इसे हॉक्स कॉल यानी झूठी धमकी करार दिया गया।

## रोबोट की मदद से 50 स्तन कैंसर सर्जरी पूरी की

**नई दिल्ली।** रोबोट की मदद से 50 सफल स्तन कैंसर सर्जरी पूरी कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। और अब यह उत्तर भारत का ऐसा पहला प्रमुख अस्पताल बन गया है, जहां यह खास और एडवांस तकनीक उपलब्ध है। यह पहल अस्पताल की इस सोच को दिखाती है कि इलाज सिर्फ बीमारी का नहीं, बल्कि मरीज के पूरे अनुभव का होना चाहिए।

यह सफलता सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. मनदीप सिंह मल्होत्रा के नेतृत्व में मिली है। उन्होंने इस तकनीक को शुरू करने और आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।

रोबोट से की जाने वाली यह सर्जरी आज के समय में स्तन कैंसर के इलाज की सबसे आधुनिक तकनीकों में से एक है। इसमें बहुत छोटे और छिपे हुए चीरे लगाए जाते हैं, जिससे कैंसर को सुरक्षित तरीके से निकाला जाता है और साथ ही स्तन की बनावट भी काफी हद तक सुरक्षित रहती है। इससे मरीज जल्दी ठीक होती हैं और मान.सिक रूप से भी ज्यादा मजबूत महसूस करती हैं।

## दिल्ली पुलिस में पूर्व अग्रिवीरों को मिलेगा 20% आरक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पुलिस (नियुक्ति एवं भर्ती) नियम, 1980 के नियम-9 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इस संशोधन के तहत अब पूर्व अग्निवीरों को दिल्ली पुलिस में पुरुष कांस्टेबल (एग्जीक्यूटिव) पदों पर भर्ती में विशेष प्रावधान दिए जाएंगे।

संशोधित नियमों के अनुसार दिल्ली पुलिस में पुरुष कांस्टेबल (एग्जीक्यूटिव) के कुल पदों में 20 प्रतिशत आरक्षण पूर्व अग्निवीरों के लिए निर्धारित किया गया है। इस फैसले से सेना में चार वर्ष की सेवा पूरी कर चुके युवाओं के लिए पुलिस सेवा में आने का रास्ता आसान होगा।

नई व्यवस्था के तहत पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में कई महत्वपूर्ण रियायतें दी गई हैं। उन्हें निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। इसके अलावा उन्हें फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट से भी छूट प्रदान की जाएगी। अग्निवीर योजना के पहले बैच के उम्मीदवारों को विशेष राहत देते हुए अधिकतम आयु सीमा (25 वर्ष) से पांच वर्ष तक की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। वर्तमान में दिल्ली पुलिस में पुरुष कांस्टेबल (एग्जीक्यूटिव) के 42,451 स्वीकृत पद हैं। इन पदों पर अब तक सीधी भर्ती प्रक्रिया के जरिए नियुक्ति की जाती रही है, जिसमें आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित है। नियमों में संशोधन के बाद बड़ी संख्या में पूर्व अग्निवीर इन पदों के लिए पात्र हो जाएंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# मंत्री नरेंद्र कश्यप का जनता दर्शन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भव्य जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

अवकाश के दिन भी आयोजित इस जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और विभिन्न क्षेत्रों के प्रति. निधि पहुंचे। मंत्री ने प्रत्येक फरियादी की बात धैर्यपूर्वक सुनते हुए कई मामलों में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर ही फोन मिलाकर त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए।



**"लापरवाही बर्दाश्त नहीं" – अधिकारियों को दो टूक संदेश**

जनसुनवाई के दौरान मंत्री ने साफ कहा कि किसी भी पीड़ित के साथ लापरवाही या टालमटोल स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि शिकायतों को हल्के में लेने की प्रवृत्ति पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा। मंत्री ने दोहराया कि जनसुनवाई योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है और हर मामले का निष्पक्ष, पारदर्शी व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बिजली, कानून-व्यवस्था और राजस्व मामलों पर तत्काल संज्ञान

जनता दरबार में बिजली आपूर्ति, बिलिंग गड़बड़ी, स्थानीय कानून-व्यवस्था, भूमि/राजस्व, नगर निगम सेवाओं और अन्य विभागीय मुद्दों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। मंत्री ने संबंधित विभागाध्यक्षों से स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ता को अनावश्यक चक्कर न लगवाए जाएं और निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराया जाए। कई मामलों में उन्होंने फॉलो-अप रिपोर्ट सीधे अपने कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि सुबह नरेंद्र मोदी के 'नमो भारत' कार्यक्रम को देखने के बाद वे सीधे जनता दर्शन में पहुंचे और देर तक लोगों की समस्याएं सुनते रहे। यह संदेश देने का प्रयास भी दिखा कि जनसेवा में समय-सीमा नहीं होती।

आमजन ने सराहा संवे. दनशील रवैया कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने मंत्री के त्वरित हस्तक्षेप और संवेदनशील व्यवहार की सराहना की। कई शिकायतों पर तत्काल पहल से राहत की उम्मीद जगी है। मंत्री ने अंत में दोहराया कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाने का प्रभावी माध्यम है- और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हिंडन नदी पर करहेड़ा पुल मरम्मत के लिए बंद

## 5 दिन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू

**गाजियाबाद।** हिंडन नदी पर बने करहेड़ा पुल को मरम्मत कार्य के कारण पांच दिन तक बंद रहेगा। यातायात पुलिस ने पांच दिन के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया है। मंगलवार रात 10 बजे से 28 फरवरी तक के लिए वाहन चालक इस पुल का प्रयोग नहीं कर पाएंगे।

**जीटी रोड का कर सकेंगे इस्तेमाल**

ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि इस दौरान वाहन चालक जीटी रोड का प्रयोग करें। डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन का कहना है कि डायवर्जन प्लान के मुताबिक नागद्वार से रोटरी गोलचक्कर होते हुए एलिवेटेड मार्ग का प्रयोग कर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन करहेड़ा कट से जीटी रोड होते हुए हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन से रोटरी गोलचक्कर होकर एलिवेटेड मार्ग का प्रयोग कर दिल्ली की ओर जायेंगे।

रोटरी गोलचक्कर से नागद्वार होते हुए हिंडन एयरफोर्स स्टेशन होकर भोपुरा रोड पर जाने वाले वाहन हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन होते हुए जीटी रोड होते से करहेड़ा कट या मोहननगर होकर अपने गंतव्य को जायेंगे।

# मोदीनगर के डॉ. योगेश सिंघल बने आईएमए उत्तर प्रदेश के नॉमिनेटड सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** देवरिया जनपद के होटल पार्थ रेजीडेंसी में आईएमए उत्तर प्रदेश की साल 2026 की पहली स्टेट वर्किंग कमेटी की मीटिंग हुई , 2026 की स्टेट वर्किंग कमेटी के चुनाव 2025 में हुए थे जिससे 150 १५० सदस्य चुन कर आए उसके अलावा कमिटी ने 10 ऐसे सदस्य जो आईएमए में बेहद सक्रिय हैं पर कमिटी का चुनाव नहीं लड़े उनको सम्मान देते हुए कमिटी के लिए नॉमिनेट किया इसमें एक नाम मोदीनगर के आईएमए अध्यक्ष डॉ. योगेश सिंघल का भी था।



डॉ योगेश सिंघल ने "समाज के अंदर एक डॉक्टर की भूमिका " पर प्रकाश डाला, समाज डॉक्टर्स से क्या उम्मीद रखता है और डॉक्टर समाज से क्या चाहता है कैसे अदान प्रदान हो के एक सामंजस्य बना रहे जैसे विषय पर चर्चा अपने आप में चर्चा का विषय बनी रही ।

इससे पहले भी डॉ योगेश स्टेट कमिटी की मीटिंग में शामिल होने कानपुर, गोरखपुर , शाहजहांपुर, बरेली, प्रयागराज, नोएडा, लखनऊ, बुलंदशहर, गाजियाबाद इत्यादि जगह जा चुके हैं। इस उपलब्धि पर मोदीनगर व क्षेत्र के डॉक्टरों ने हर्ष जताया व डॉ योगेश सिंघल को बधाई दी।

# तीन दिन से लापता कपिल का शव नाले में मिला

**बढ़ापुर।** ग्राम गोपीवाला निवासी कपिल उर्फ कोपीन का शव बढ़ापुर पिंडदान स्थल के पास नाले में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला निवासी कपिल कुमार उर्फ कोपीन बीते शुक्रवार से लापता था। रविवार को स्वजन ने बढ़ापुर थाने पहुंचकर कपिल की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। तभी से स्वजन और पुलिस उसकी तलाश में जुटे थे सोमवार की बढ़ापुर-गोप. ीवाला मार्ग पर पिंड स्थल के पास बालक खेल रहे थे, तभी उनकी नजर नाले में पड़े शव पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को नाले से निकलवाया।

# भोजपुर हापुड़ रोड के कार्य का हुआ शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के भोजपुर ब्लॉक में शिलान्यास मोदीनगर-हापुड़ मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक सशक्त एवं दूरदर्शी पहल है, जिससे आवागमन व्यवस्था को नई गति एवं मजबूती प्राप्त होगी।

मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से प्रतिदिन हजारों राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारिक गतिविधियों को लाभ मिलेगा।

जाम की समस्या से राहत मिलेगी तथा आमजन का सफर अधिक सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध हो सकेगा। साथ ही,



यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक प्रगति एवं कनेक्टिविटी को भी सुदृढ़ करेगी।

इस अवसर पर डॉ. राज. कुमार सांगवान (सांसद, बागपत लोकसभा) एवं डॉ मंजू शिवाच (विधायक मोदीनगर) बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह विकास कार्य क्षेत्र के लिए एक नई उपलब्धि सिद्ध होगा।

हमारा संकल्प है कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के समग्र एवं संतुलित विकास हेतु निरंतर प्रयास जारी रहेंगे और जनहित से जुड़ी प्रत्येक आवश्यकता को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# मंदिर जाते समय हुआ हादसा, स्कूटी सवार कारोबारी की नाले में गिरकर मौत

**गाजियाबाद।** जीटी रोड पर ठाकुरद्वारा तिराहे के पास रविवार देर रात नाले में गिरकर स्कूटी सवार कारोबारी की मौत हो गई। घटना के समय डासना गेट निवासी 49 वर्षीय व्यापारी शंकरलाल गर्ग घर से ठाकुरद्वारा मंदिर जाने के लिए निकले थे। परिजनों को देर रात करीब डेढ़ बजे पुलिस ने उनका एक्सिडेंट होने की सूचना दी। पुलिस का कहना है कि हादसे की वजह घटना के समय स्कूटी अनियंत्रित होना लग रहा है। घटना के समय कारोबारी 20 लीटर की पेंट की बाल्टी में रखे कूड़े को फेंकते हुए मंदिर जाने के लिए निकले थे। डासना गेट स्थित पक्की मोरी निवासी कारोबारी शंकरलाल रविवार रात 11.20



बजे घर से ठाकुरद्वारा मंदिर जाने के लिए निकले थे। स्वजन का कहना है कि वह रोज देर रात मंदिर जाते थे और जाते समय कूड़े की बाल्टी साथ लेकर जाते थे। रात 12 बजे के आसपास वापस नहीं आने पर उनके भाई उनकी तलाश कर रहे थे,लेकिन काफी देर तक कुछ पता नहीं चला। रात करीब डेढ़ बजे कारोबारी के भाई योगेश के मोबाइल पर पुलिसकर्मियों ने फोन कर भाई के एक्सिडेंट की जानक. ारी दी। जब वह अस्पताल पहुंचे तब पता चला कि उनके भाई को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद का कहना है कि हादसे की वजह स्कूटी का अनियंत्रित होना लग रहा है। स्कूटी से नाले में गिरने पर व्यापारी के सिर में चोट आई जिसकी वजह से वह अचेत होकर पानी में नीचे डूब गए।

# भारत एआई लैब्स नेशनल चैंपियनशिप में सुरेविन स्कूल बना चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भारत ए आई लैब्स के तत्वाधान में एक दिवसीय इंटर स्कूल नेशनल रोबोटिक चौंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में एनसीआर के विभिन्न स्कूलों सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल (निवाड़ी) भारत एआई लैब्स, महिमा पब्लिक स्कूल (मोहन नगर), जी एस मॉडर्न स्कूल (गाजियाबाद), एलन हाउस पब्लिक स्कूल (गाजियाबाद) डीपीएस एचआरआईटी (दुहाई) स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों की टीमों ने प्रतिभागी के रूप में विभिन्न वर्ग की विभिन्न श्रेणी में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत रोबो मिशन, रोबो गेम्स, रोबो सुमो, रोबो रेस, रोबो टेबल टेनिस, रोबो फंक्शन, रोबो सॉकर तथा रोबोटिक प्रोग्रामिंग जैसी विभिन्न तकनीकी एवं खेल आधारित स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। साथ ही "इनोवेशन जंक्शन" इवेंट के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए।

**विभिन्न वर्गों में परिणाम इस प्रकार रहे-** इनोवेशन जंक्शन (जूनियर एवं सीनियर वर्ग) में जीएस मॉडर्न स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोबो टेबल टेनिस में एलन पब्लिक स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय तथा सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। रोबो सुमो में एलन पब्लिक स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय और सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। रोबो रेस में डीपीएस एचआरआईटी (बालक वर्ग) प्रथम, सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय तथा डीपीएस एचआरआईटी (बालिका वर्ग) तृतीय स्थान पर रहा। रोबो फंक्शन में महिमा पब्लिक स्कूल प्रथम, जीएस मॉडर्न स्कूल द्वितीय तथा सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।

रोबो सॉकर में जीएस मॉडर्न स्कूल प्रथम, भारत एआई लैब्स द्वितीय और सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। एलिमेंट्री रोबो मिशन में महिमा पब्लिक स्कूल प्रथम रहा। रोबो मिशन (सीनियर वर्ग) में सुरे. विन इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को चौंपियनशिप का गौरव दिलाया।

इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में रुचिर गर्ग (वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इंजीनियरिंग) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर शिखा दरबारी व डॉक्टर रीता वार्ष्णेय एवं अन्य अतिथियों के रूप में अरुणिमा रघुवंशी (प्रधानाचार्य जनहित वर्ल्ड स्कूल), नरेश कुमार निदेशक सेंट एंड्रयू स्कूल (इंदिरापुरम) एवं एकेडमिक विजिटिंग फैकल्टी में मीनाक्षी सिरोही डीपीएस (मोदीनगर) तथा साथ ही सेंट जेवियर्स स्कूल, सेंट एंड्रयू एवं डीपीएस के विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में एक्सपोजर विजिट का अवसर भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई कौशल एवं तकनीकी शिक्षा के प्रदर्शन की शाबाशी देते हुए उनके सुनहरे भविष्य एवं रोबोटिक एवं आई के क्षेत्र में भारत एआई लैब्स के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के प्रशंसा करते हुए सुरेविन के विद्यार्थियों के विशेष प्रदर्शन पर उनके कंठ मुक्त प्रशंसा की। इस प्रतियोगिता में निर्णायक दल के रूप में राजकुमार गोयल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (गाजियाबाद) एवं प्रशिक्षक, विषय विशेषज्ञ के पी जयंत, उमाशंकर, आकाश आनंद, आशुतोष, कुमारी रश्मि ने निर्णायक मंडल का कार्यभार संभाला और साथ ही रोबोटिक्स के विभिन्न गेम प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायक दल में के रूप में शांभवी पांडे, इशिका, जाह्नवी, अनुराग, अक्षय, कुणाल ,अंकुर, प्रिंस, अमन ने निभाई ।

# श्री श्याम परिवार करन धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री श्याम परिवार करन धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा आयोजित समारोह बहुत धूमधाम से मनाया गया। जिसमें लगभग चार किलोमीटर लंबी निशान शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें निशान अर्पित करने के बाद हिंदुस्तान के मशहूर कलाकारों द्वारा श्री खाटूश्याम जी की भक्ति में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें फूलों की होली खेली गई और सभी भक्तगण खाटूश्याम जी की भक्ति में लीन हो गए।बगाजियाबाद से आए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कुमार कंडेरे ने आकर श्री खाटूश्याम जी से आशीर्वाद लिया। इस भव्य आयोजन में कंडेरे करन समाज कल्याण




संगठन दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष योगी महासचिव राजेंद्र निर्वाण कार्यवाहक महासचिव सूरज प्रकाश सचिव नितिन संरक्षक कल्याण सिंह पम्मी राम रतन बदलेश सोनू उमाशंकर करन समाज कल्याण संगठन दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष गजराज सिंह उपाध्यक्ष सतीश चंद्र महासचिव दीवान सिंह संरक्षक नानक चंद एवं सत्य प्रकाश और बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर श्री खाटूश्याम जी का आशीर्वाद लिया।

# फ्लैट में लगी आग, दमकल कर्मियों ने एक घंटे में पाया काबू

**साहिबाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में वैशाली स्थित गोवर्धन अपार्टमेंट के 14वें फ्लोर पर सोमवार सुबह एक बंद फ्लैट में आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने दमकल की दो गाड़ियों व सोसायटी में लगे अग्निशमन उपकरणों से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। इस दौरान एहतियात के तौर पर आसपास के फ्लैटों को खाली कराया गया। घटना में किसी प्रकार की अनहोनी की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि वैशाली की गोवर्धन अपार्टमेंट सोसायटी के फ्लैट नंबर 1404 में अंकिता जायसवाल रहती हैं। सुबह करीब 11 बजे वह किसी काम से फ्लैट का ताला लगाकर बाहर गई थी। तभी पड़ोसियों ने उनके फ्लैट से धुंआ उठता देख पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी।

कुछ ही देर में आग तेजी से फ्लैट में फैल गई और लपटें निकलने लगीं। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने हौज पाईप फैलाकर



आग बुझाने का प्रयास किया। इसके साथ ही सोसायटी में लगे अग्निशमन उपकरणों की भी मदद ली गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया लिया।

**दमकल विभाग ने आसपास के फ्लैट कराए खाली:** आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल कर्मियों ने एहतियात के तौर पर आसपास के फ्लैटों को खाली कराया। कर्मचारियों ने फ्लैटों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित सोसासटी से बाहर निकाला और भूतल पर पहुंचाया। दमकल कर्मियों ने लोगों को हिम्मत रखने के लिए प्रेरित किया।

**सोसायटी में बड़ा हादसा टला:** देखते ही देखते आग पूरे फ्लैट में फैल गई। फ्लैट में दो गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे। जिन्हें कर्मचारियों द्वारा समय रहते बाहर निकाल लिया गया। यदि गैस सिलेंडर आग पकड़ लेते तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में फ्लैट में रखा हुआ अधिकांश सामान जल गया। आग से फ्लैट में लाखों का नुकसान बताया गया है।

## जानलेवा हमले के बाद पुलिस की लापरवाही

# कमरे में बंद कर पीटा था, कमिश्नर के आदेश पर दर्ज हुआ केस

**गाजियाबाद।** नंदग्राम पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। नंदग्राम थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला हुआ, उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा गया और खुद पुलिस ने उसे मौके पर पहुंचकर बचाया। इसके बावजूद भी स्थानीय पुलिस मुक. दमा दर्ज करने में आनाकानी करती रही। पीड़ित द्वारा पुलिस आयुक्त से गुहार लगाने के बाद अब आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सद्दीक नगर निवासी पीड़ित सोनू उर्फ सोहनवीर ने बताया कि 14 फरवरी की शाम गीता निम्मी नामक महिला ने उसे पुराने लेनदेन के बहाने अपने घर बुलाया। जब सोनू वहां पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद अनुपम निम्मी, आदेश निम्मी और अन्य 4-5 लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि अनुपम ने सोनू पर चाकू से जानलेवा हमला किया, जबकि अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से उसे लहूलुहान कर दिया। हमलावरों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया और लगातार मारपीट करते रहे। घटना के वक्त सोनू का मित्र बाहर था। जिसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सोनू को हमलावरों के चंगुल से छुड़ाकर सरकारी अस्पताल ले गई। जहां उसका मेडिकल कराया गया। जिस व्यक्ति को पुलिस ने खुद बचाया उसी की शिकायत पर थाने में कोई सुनवाई नहीं हुई।

## रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी द्वारा सी.एस.आर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत

# मोबाइल डेन्टल केयर वैन का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ स्मार्ट सिटी द्वारा सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 'मोबाइल डेन्टल केयर वैन' का उद्घाटन किया और इसे मुरादनगर स्थित आई.टी.एस. डेन्टल स्टडीज एण्ड रिसर्च सेन्टर को सुपुर्द किया। क्लब ने गाजियाबाद स्थित फेरोलाइट जॉइंटिंग्स लि. की सहायता से इस सी.एस.आर. प्रोजेक्ट को पूरा किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 गवर्नर डा. अमिता मोहिन्दू एवं विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट से. अमित गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम



में आई.टी.एस. के चेयरमैन आर. पी. चड्ढा, डायरेक्टर प्रिन्सिपल डॉ. देवो चरण शेट्टी, सुरेन्द्र सूद, डायरेक्टर पब्लिक रिलेशन आईटीएस डॉ. अनिल कुमार सहित उनकी फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी सदस्य, आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज के छात्र, छात्राऐं और रोटरी क्लब्स से रो. आशा वालिया, संदीप मिगलानी, अमित बंसल, आशीष महाजन, शालू महाजन, आलोक गर्ग, मनोज अग्रवाल तथा रोटरी क्लब गाजियाबाद स्मार्ट सिटी के सदस्यगण क्लब प्रेसिडेंट रो. भारती गर्ग, आशीष गर्ग, सचिव प्रवीण गोयल, सीमा गोयल, डा. अरूणा सिंघल, रीना अग्रवाल, सारंग अग्रवाल, नरेश गर्ग, पूनम गर्ग, दवेन्द्र मित्तल, कामिनी मित्तल, अनीस गुप्ता, विकास गुप्ता, मीनू गुप्ता, राकेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष दीपक अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे ।

सी.एस.आर. प्रोजेक्ट के प्रमोटर और स्मार्ट सिटी क्लब के सदस्य पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. सुभाष जैन ने बताया कि यह मोबाइल डेन्टल केयर वैन गाजियाबाद जिले सहित दिल्ली/एन.सी.आर., पिलखुवा, साहिबाबाद. इंदिरापुरम, राजनगर एक्सटेंशन, लोनी, मुरादनगर और मोदीनगर तथा आस-पास के गांवों, विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित आबादी वाले लोगों की सेवा करेगी, जो कि उचित शिक्षा, ज्ञान और जागरूकता की कमी के कारण डेन्टल केयर का खच वहन नहीं कर सकते हैं । हमारे क्लब द्वारा आई.टी.एस. डेन्टल कॉलेज को यह मोबाइल डेंन्टल वैन दी जा रही है ताकि वे दूरदराज और वंचित समुदायों को बुनियादी डेन्टल केयर सेवाएँ प्रदान कर सके और सामाजिक जिम्मेदारी निभा सके तथा व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा दे सकें। डेन्टल कॉलेज की मुख्य आवश्यकत्ताओं में विशेष रूप से निर्मित वाहन, विशेष डेन्टल केयर उपकरण, पर्याप्त बिजली आपूर्ति, वेस्ट मैनेजमेन्ट सुविधाएँ और स्क्रीनिंग, बुनियादी उपचार और डेन्टल केयर से सम्बन्धित शिक्षा प्रदान करने की सुविधा शामिल थी।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

■ बाइक से जा रहे थे, चेकिंग के दौरान पकड़े गए, एक के पैर में लगी गोली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे के करौली अंडरपास के पास रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी, जिसके बाद चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और भागने का प्रयास किया।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश सलमान पुत्र बुखारी निवासी मोहल्ला आरापुरी, थाना कैराना, जिला शामली गोली लगने से घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। दूसरे आरोपी असलम पुत्र अकबर निवासी ग्राम रोहिन्दा, थाना अरनिया, जिला बुलंदशहर को पुलिस ने कॉम्बिंग अभियान चलाकर गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की एक चोरी की मोटरसाइकिल और गोवध के लिए रखे उपकरण बरामद किए गए। बरामद सामान में दो रस्सियां, दो चाकू, एक सिरिंज, एक इंजेक्शन की शीशी और दो खाली प्लास्टिक के कट्टे शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं और थाना रबूपुरा में गोवध निवारण अधिनियम के तहत वांछित थे। पुलिस उनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# एक ही परिवार के 14 लोगों से 3.35 करोड़ की धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली अंतर्गत सेक्टर-एक स्थित गायत्री औरा हाउसिंग परियोजना में 14 फ्लैट बुक कराने वाले एक परिवार ने बिल्डर फर्म गायत्री हॉस्पिटैलिटी एंड रियलकन के निदेशक पर 3.35 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

नोएडा के सेक्टर-78 निवासी शिकायतकर्ता विनोद कुमार गुप्ता और उनके स्वजन ने वर्ष 2010 से 2015 के बीच जीएच-11 भूखंड पर विकसित ही जा रही सोसायटी में विभिन्न आकार के 14 फ्लैट बुक कराए थे। पीड़ित का आरोप है कि बिल्डर ने तय समय में फ्लैट पर कब्जा देने और विक्रय पत्र अनुबंध करने का आश्वासन दिया था।

**क्या है पूरा मामला?:** परिवार ने वर्ष 2015 तक कुल 3.35 करोड़ रुपये बिल्डर फर्म के निदेशक हरिओम दीक्षित को विभिन्न माध्यमों से भुगतान कर दिए। तय समय सीमा पर बिल्डर ने फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया और लगातार टालमटोल करता रहा। बाद में पता चला कि जिन ब्लाक में फ्लैट दिखाए थे वह वास्तविक निर्माण योजना में शामिल ही नहीं थे।

फर्जी नक्शा दिखाकर बुकिंग ली गई थी। कंपनी के विरुद्ध राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) में शिकायत लंबित है। शिकायत में कहा गया है कि 11 जनवरी 2019 को एनसीएलटी में दाखिल सूची में 14 में से सिर्फ सात फ्लैट ही दिखाए गए हैं। इनमें भी तीन का उल्लेख नहीं था और 4 अन्य नामों से दिखाए गए हैं, जबकि 10 जुलाई 2022 की सूची में सिर्फ एक फ्लैट दिखाया गया।

चार को 'अनएलाटेड एडवांस' दिखाया है। आठ अन्य आवंटियों के नाम से दर्शाए गए और एक फ्लैट का जिक्र ही नहीं था। यह भी आरोप है कि परियोजना के आई और के ब्लाक को स्क्रैप कर उनकी जमीन पर कामर्शियल निर्माण करा दिया गया, जबकि चार फ्लैट इन्हीं ब्लाकों में बुक थे। पीड़ितों को न तो वैकल्पिक फ्लैट दिए और न ही रकम वापस की गई।

पीड़ित का आरोप है कि रकम वापसी की मांग पर आरोपित की तरफ से धमकी दी जा रही है। इसी परियोजना में योगेश कपिल ने वर्ष 2024 में मामला दर्ज कराया था। तीन अन्य खरीदारों ने न्यायालय में वाद दायर किया है। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# लूट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली पुलिस ने रैपिडो चालक पर चाकू से हमलाकर बाइक और मोबाइल लूटने वाले आरोपियों को सोमवार को डी-मार्ट के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बिजनौर निवासी योगेश कुमार (20), खगड़िया बिहार निवासी मनीष कुमार (18) व सुल्तानपुर निवासी सुजल तिवारी (20) के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से एक पर्स, 530 रुपये नकद, मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त एक बाइक, घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद हुआ है।

मेरठ निवासी रैपिडो चालक कुशल छपरौला गांव में रहते हैं। 14 फरवरी की रात एक सवारी को छोड़ने निराला सोसायटी गए थे। सवारी छोड़ कर गैलेक्सी चौराहा से लाल कुआं की तरफ लौटते समय जेएम इंटरनेशनल स्कूल के पास एक बाइक से पहुंचे तीन बदमाशों ने उसे रोकने का प्रयास किया था। विरोध करने पर बदमाश उनकी बाइक के सामने खड़े होकर चाकू दिखाते हुए नकदी, मोबाइल और बाइक छीनने लगे। कुशल ने विरोध किया तो एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया था। मामले में पुलिस की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही थी। पुलिस ने सोमवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। योगेश कुमार वर्तमान में दिल्ली, मनीष कुमार डूब क्षेत्र व सुजल तिवारी गडौली गुर्जर बस्ती में रहता है। वहीं कोतवाली प्रभारी कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया।

# छात्रा की आत्महत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 स्थित कॉलोनी में सातवीं कक्षा की छात्रा के खुदकुशी करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के भाई ने आरोपियों पर बहन को ब्लैकमेल करने और साथियों संग शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महोबा का एक व्यक्ति सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में पत्नी, 13 वर्षीय बेटी और बेटे के साथ लंबे समय से रह रहा है। उसकी बेटी थाना क्षेत्र में ही अपनी मौसी के यहां रहकर सातवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। किशोरी के भाई का कहना है कि तीन दिन पहले उसके मां-पिता एक शादी समारोह में गांव चले गए।

शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे वह डयूटी चला गया। किशोरी घर में अकेली थी। रात करीब आठ बजे उसने भाई को सब्जी लाने के लिए फोन किया। पौने दस बजे भाई घर पहुंचा तो दरवाजा खुला था। कमरे के अंदर जैसे ही वह दाखिल हुआ तो बहन फंदे पर लटकी हुई थी। उसकी सांसें चल रही थीं। पैर जमीन को छू रहे थे। युवक ने तुरंत इसकी सूचना रिश्तेदारों को दी। डॉयल-112 पर भी कॉल की। लोगों की मदद से किशोरी को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे फेज तीन थाना क्षेत्र स्थित एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। किशोरी ने खुदकुशी करने से पहले अपनी आपबीती एक डायरी में लिखी।

## एक नजर

### मार्च तक पूरा होगा सड़क चौड़ीकरण का काम

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** रबूपुरा से मेडिकल डिवाइस पार्क तक की सड़क का चौड़ीकरण और निर्माण सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखे जाने के बाद और तेजी से हो रहा है। मार्च तक इसका काम पूरा होने की संभावना है। इसके बाद लोगों को मेडिकल डिवाइस पार्क होते हुए जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट जाने के लिए बेहतर रास्ता मिल सकेगा। तिरथरी-रबूपुरा से गुजरने वाली जेवर लिंक रोड के निर्माण और चौड़ीकरण का काम पिछले लगभग छह महीने से चल रहा है। तीन किलोमीटर लंबी यह सड़क रबूपुरा से जेवर और इंटरनेशनल एयरपोर्ट जाने के लिए सीधा और सरल मार्ग है। पहले सिंगल मार्ग और संकरी होने के कारण यहां जाम लग जाता था।

**बुलंदशहर से आने वालों को भी मिलेगी राहत:** तिरथरी से आने वाली लिंक रोड करीब तीन किलोमीटर लंबी है। यह मार्ग तैयार होने के बाद बुलंदशहर से आने वाले लोगों को भी राहत मिलेगी। खुर्जा बुलंदशहर से आने वाले लोग रबूपुरा से फर्राटा भरते हुए कम समय में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पहुंच जाएंगे।

### जिला अस्पताल की सुविधाओं का निरीक्षण किया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शासन की टीम ने सोमवार को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। अस्पताल प्रबंधन ने इस दौरान भविष्य में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के डॉ. विकास सिंघल और दिनेश कुमार ने अस्पताल की ओपीडी, वार्ड, आईसीयू समेत मरीजों को मिल रही अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। बाद में जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. अजय राणा के साथ बैठक की। बैठक में डॉ. आर पी सिंह, डॉ. हृदयमणि लवणिया, डॉ ऋषभ कुमार सिंह मौजूद रहे। सीएमएस डॉ. अजय राणा ने बताया कि टीम अस्पताल के सभी पहलुओं की जानकारी दी गई।

### अंग्रेजी का पेपर सरल आने से राहत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा सोमवार को 60 केंद्रों हुई। हाईस्कूल का अंग्रेजी का पेपर आने से छात्रों को राहत मिली। जनपद के केंद्रों पर पहली पाली में आयोजित हाईस्कूल की अंग्रेजी की परीक्षा में 22,612 में से 21,353 छात्र शामिल हुए। 1,259 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इंटरमीडिएट की फल-खाद्य संरक्षण की परीक्षा में 205 में से 198 छात्र शामिल हुए। सात छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की गणित और जीवविज्ञान की परीक्षा में 7,323 में से 7,048 छात्र शामिल हुए। 275 छात्रों ने परीक्षा नहीं दी। केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकल रहे छात्रों के चहरे पर मुस्कान दिखाई दी।छात्रों ने बताया कि पेपर बेहद आसान था। पेपर पाठ्यक्रम के अनुसार आया था। प्रश्न समय पर हल कर लिए।

### थर्ड पार्टी ऑडिट योजना के लिए आवेदन नौ मार्च तक

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की निगरानी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट योजना लागू कर दी गई है। इसके अनुसार, औद्योगिक इकाइयों को कम, मध्यम और उच्च जोखिम श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। इसमें मध्यम श्रेणी के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण थर्ड पार्टी ऑडिट के माध्यम से किया जाएगा। थर्ड पार्टी ऑडिट योजना लागू करते हुए श्रम कानून ऑडिटर फर्मों और तकनीकी ऑडिटर फर्मों को श्रम आयुक्त की ओर से मान्यता प्रदान किए जाने की व्यवस्था लागू की गई है। इच्छुक और पात्र संस्थाओं को निर्धारित प्रारूप में आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन ई-मेल और ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी ने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 मार्च निर्धारित की गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरी मंजिल से गिरकर कामगार की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक कंपनी में रहने वाले कामगार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि दूसरी मंजिल की बालकनी में स्वेटर बदलने के दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण कामगार की मौत हुई है। मृतक की पहचान औरैया निवासी राजू (48) के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि रविवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रिया गोल्ड कंपनी में काम करना वाला कामगर रात करीब 12:30 बजे फैक्टरी की दूसरी मंजिल पर खड़े होकर स्वेटर बदल रहा था। अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया। जिसकी वजह से वह ऊपर से नीचे गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट लगी। उन्हें उपचार के लिए ग्रीन सिटी हॉस्पिटल डेल्टा-1 अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।

# तेज ध्वनि में डीजे बजने पर रोक लगाने का प्रस्ताव मंजूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला पंचायत सभागार में सोमवार को बजट बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए करीब नौ करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित किए गए और आय का लक्ष्य लगभग 15 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में तेज ध्वनि में डीजे बजाने पर रोक लगाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी ने बताया कि बैठक में पंचम वित्त आयोग की अनुमानित धनराशि लगभग 3.40 करोड़ आंकी गई। बैठक में बताया गया कि गांवों की गलियों में तेज ध्वनि में डीजे बजते हैं। इससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। डीजे एक जगह खड़े होकर घंटों तक बजता रहता है।

इस पर रोक का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के श्मशान घाटों पर शवदाह गृह निर्माण को प्राथमिकता देने के संबंध में सहमति दी गई। कई गांवों में श्मशान घाटों की स्थिति बेहतर नहीं है। यहां बारिश से बचने के इंतजाम नहीं हैं।

पूर्व में तिरपाल के नीचे शव दाह करने के वीडियो भी वायरल हो चुके हैं। ऐसे में निर्माण को प्राथमिकता पर सहमति दी गई। बैठक में विधायक दादरी तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, मोहिनी, जयवती देवी, सुनील भाटी, सीडीओ डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ. सुनील कुमार, सीवीओ डॉ. अरुण कुमार आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मालगाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को एक अज्ञात बुजुर्ग की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग प्लेटफॉर्म के नजदीक रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। तभी दिल्ली की ओर से आ रही मालगाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान पत्र या ऐसा सामान बरामद नहीं हुआ, जिससे उनकी शिनाख्त हो सके।

# सोसायटी में सफाई को लेकर सख्ती, पालतू कुत्तों के गंदगी करने पर मालिक पर लगेगा जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली सेंचुरियन पार्क लो राइज सोसायटी में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) ने सोसायटी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सख्त कदम उठाया है। इसके तहत अब पालतू कुत्तों के सोसायटी परिसर में गंदगी फैलाने पर कुत्ता मालिक को जुर्माना वसूला जाएगा।

कुत्ता मालिक को कुत्ते द्वारा गंदगी फैलाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाने के साथ ही कुत्ते की गंदगी को तत्काल साफ भी करना पड़ेगा। साथ ही गंदगी और तोड़फोड़ करने पर एक से 15 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसको लेकर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। सोसायटी की एओए के अध्यक्ष राजीव कुमार और लीगल एडवाइजर अमित गुप्ता के मुताबिक सोसायटी परिसर में 600 परिवार रहते है। लगातार पालतू कुत्तों की वजह से समस्या बढ़ती जा रही है। जिसकी वजह से निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए निवासियों और एओए ने एकजुट होकर जीबीएम में एक निर्णय लिया है। परिसर में साफ-सुथरा बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एक नियम बनाया है।

**पालतू कुत्तों को बाहर लेकर जाएं:** नियम के मुताबिक, सोसायटी परिसर के ओपन व कामन क्षेत्र में पालतू कुत्ते को खुले में टहलाने पर रोक लगाई है। साथ ही अगर पालतू कुत्ता परिसर में गंदगी करता है,इस पर एओए के द्वारा कुत्ते मालिक पर एक्शन लिया जाएगा। इसके लिए कुत्ते मालिक से एक हजार रुपये का फाइन और गंदगी को साफ करना होगा। इसको लेकर एओए ने जगह-जगह बोर्ड भी लगा रखे है, जिससे सभी लोग पालतू कुत्तों को बाहर लेकर ही जाएं।

**प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वालों पर भी नजर:** एओए के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों देर रात कुछ बाहरी युवक ग्रीन एरिया में टॉयलेट करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। इसके बाद ही ओपन एरिया में पान, गुटखा खाकर थूकने, चीजों को तोड़ने वालों पर एओए की टीम नजर रखेगी। इसके लिए क्लब एरिया के आसपास आठ से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए है।

# पांच साल के बच्चे का शव मिला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के चिपयाना गांव में एक तालाब से 5 वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया गया है। बच्चा ईशु पुत्र इंद्रपाल पिछले छह दिनों से लापता था, जिसकी गुमशुदगी बिसरख थाने में दर्ज थी। शव को जेसीबी की मदद से तालाब से बाहर निकाला गया।

पुलिस के अनुसार, 18 फरवरी 2026 को बिसरख थाने में ईशु के गुम होने की सूचना मिली थी। बच्चा कुत्ते वाले मंदिर के पास खेलते समय लापता हो गया था। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। आज यानि सोमवार को लापता बच्चे का शव कुत्ते वाले मंदिर के सामने वाले तालाब में मिला।।बिसरख पुलिस ने बताया कि बच्चे की पहचान ईशु पुत्र इंद्रपाल के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बच्चा खेलते हुए तालाब में गिर गया था।

# यूपीएसआरटीसी चलाएगा 100 बसें

■ कंपनी प्राधिकरण के साथ मिलकर रूट तय करेगी, पांच लाख लोगों को होगा फायदा



**शाह टाइम्स संवाददातो**

**नोएडा।** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए यहां 100 बस चलेंगी। ये बस यूपीएसआरटीसी चलाएगा। इसमें वीजीएफ स्टेट गनर्वमेंट की ओर से दिया जाएगा। प्राधिकरण सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसके लिए एक एसपीवी बनाई जाएगी। ये कंपनी प्राधिकरण के साथ मिलकर रूट तय करेगी। जब तक ये बस नहीं आती तब तक 50 बस वैकल्पिक चलाएंगे। जिनको बाद में हटा लिया जाएगा।

ये बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए होंगी। उन्होंने बताया कि दो से तीन मुख्य रूटों पर करीब 20-20 बस चलाएंगे। जिसमें नोएडा से ग्रेटरनोएडा वाया एक्सप्रेस वे इसके अलावा नोएडा से ग्रेटरनोएडा वेस्ट और ग्रेटरनोएडा के लिए और तीसरा नोएडा से जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट शामिल है। एसपीवी में नोएडा में जीएम स्तर के अधिकारी को शामिल किया जाएगा। प्राधिकरण के साथ मीटिंग करने के बाद ही रूटों को डिसाइड किया जाएगा। उसी अनुसार बस स्टैंड भी बनाए जाएंगे। ये बस यूपीएसआरटीसी की होंगी। उन्ही के चालक और परिच. ालक भी होंगे। वीजीएफ स्टेट गवर्नमेंट की ओर दिया जाएगा। प्राधिकरण इसके बीच समन्वय और बसों को खड़ा करने के लिए लॉजिस्टिक देगा।

**इन बसों से चलने पांच लाख को फायदा:** इन बसों के चलने से करीब 5 लाख लोगों को फायदा होगा। दरअसल अभी मेट्रो और आरआरटीएस आने में काफी समय लगेगा। ऐसे में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ये बस काफी महत्वपूर्ण होंगी। नोएडा में मेट्रो के अलावा टैंपो और ई रिक्शा से ही लोग आते जाते है। ऐसे में सिटी बस चलने से लोगों को फायदा होगा।

# बेकाबू डंपर डिवाइडर से टकराकर फुटपाथ पर पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-37 स्थित अंबेडकर पार्क के पास सोमवार सुबह रेत से भरा डंपर अचानक बेक. ाबू होकर फुटपाथ पर चढ़कर पलट गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। इस मामले में सेक्टर-39 थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस चालक से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच जारी है। अंबेडकर पार्क क इलाका सुबह और शाम के समय काफी व्यस्त रहता है। यहां से बड़ी संख्या में लोग पैदल गुजरते हैं। गनीमत रही कि जिस समय डंपर पलटा, उस समय फुटपाथ पर कोई मौजूद नहीं था।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि डंपर काफी तेज गति में था। चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया। देखते ही देखते डंपर सड़क से हटकर फुटपाथ पर चढ़ गया और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सेक्टर-39 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत हालात को संभाला और यातायात को नियंत्रित किया। मौके पर लोगों के एकत्र होने से जाम लग गया था। भारी-भरकम डंपर को हटाने के लिए क्रेन बुलाई गई। काफी मशक्कत के बाद डंपर को सड़क से हटाया गया। इसके बाद यातायात दोबारा सामान्य हो सका।

# थार कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर ,चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में एक अस्पताल के सामने थार कार चालक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा पलट गया और करीब 20 मीटर तक आगे जाकर पलट गया। रिक्शा में चार लोग थे। जिनको चोट लगी है। इन चारों का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-49 की मुख्य सड़क पर ई रिक्शा को पीछे से थार सवार ने टक्कर मार दी। थार के आगे का बोनट क्षतिग्रस्त हुआ वहीं ई रिक्शा पूरी तरह से टूट गया। टक्कर लगते ही रिक्शा चालक समेत सभी लोग सड़क पर गिरे। जिससे सिर हाथ और पैर में चोट लगी है। घायलों के नाम राजेश, अनूप, राकेश और ओमप्रकाश है। इन चारों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां इनका इलाज किया जा रहा है।

हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात को रोका गया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया गया। जिसके बाद यातातयात को सामान्य किया गया।

# ई-नीलामी का विरोध, होली नहीं खलेंगे उद्यमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** इंडस्ट्रियल इंटरप्रेन्योर एसोसिएशन (आईईए) जिले की चारों प्राधिकरण में लागू भूखंड आवंटन की ई-नीलामी नीति के विरोध में इस बार होली नहीं मनाएगी। संगठन के साथ-साथ सदस्य उद्यमी भी अपनी-अपनी कंपनी में होली नहीं खेलेंगे। होली के बाद जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। अगर फिर भी मांग पूरी नहीं की तो धरना-प्रदर्शन करेंगे।

उद्यमियों ने कहा कि ई-नीलामी से छोटे उद्यमियों को उद्योग लगाना मुश्लिक हो गया है। आईईए के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि नीति से जिले के एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को काफी नुकसान हो रहा है। वो अपना औद्योगिक भूखंड नहीं खरीद पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से 2000 वर्ग मीटर तक के भूखंडों के आवंटन को ई-नीलामी से बाहर करने की मांग की। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष पीके तिवारी, उपाध्यक्ष एचएन शुक्ला, उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह तुली आदि मौजूद रहे।

**किराये पर चल रहे हैं 40 प्रतिशत उद्योग:** उद्यमियों ने बताया कि जिले में 40 प्रतिशत उद्योग किराये पर चल रहे हैं। वो उद्यमी अपना भूखंड खरीदने की सोच रहे हैं, लेकिन ई-नीलामी ने मौका छीन लिया है। भूखंडों की कीमत बढ़ने के कारण किराया भी बढ़ गया है। यही हाल रहा तो फिर उद्योगों को बंद करना पड़ेगा। वहीं होली के बाद डीएम के माध्यम से सीएम के नाम ज्ञापन देंगे। अगर फिर भी समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।

# फ्लॉवर शो में पहुंचे पांच लाख लोग

## चेयरमैन रोलिंग ट्राफी उत्तर रेलवे को मिली, अगले साल साल्विया थीम पर होगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में चल रहा फ्लवार शो समाप्त हो गया है। चार दिन में करीब 5 लाख से ज्यादा लोग फ्लावर शो में पहुंचे। विधायक पंकज सिंह 38वां पुष्प प्रदर्शनी में नोएडा चेयरमैन रोलिंग ट्राफी उत्तरी रेलवे को सौंपी वहीं एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने मौके पर घोषणा कर दी कि साल 2027 में फ्लावर आफ द थीम 'साल्विया' रखा जाएगा।

नोएडा चेयरमैन रोलिंग ट्राफी-उत्तरी रेलवेग्रेटर नोएडा चेयरमैन रोलिंग ट्राफी-भारत पेट्रोलियमबीपी समलानी मेमोरियल रोलिंग ट्राफी (शो का राजा)-मेजर अंशुमन अन्नन्याजीबी पंथ मेमो. रियल रोलिंग ट्राफी (शो की रानी)-मेजर अंशुमन अन्नन्याप्रतिभा आर्य मेमोरियल रोलिंग ट्राफी (प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ रंगीन दहेलिया के लिए पुरस्कार)-मेजर अंशुमन अन्नन्याकुंदन लाल नारंग रोलिंग ट्राफी (सर्वश्रेष्ठ डहेलिया)-भारत पेट्रोलियम।

**देर रात तक चला सम्मेलन:** कवि सम्मेलन में श्रंगार रस कवि डा. विष्णु सक्सेना, श्वीर रस डा. अर्जुन शिशौदिया, हास्य-व्यंग्य रस अनिल अगवंशी ,श्हास्य-व्यंग्य रसश शंभू शिखर ,श्रंगार रस कल्पना शुक्ला , हास्य-व्यंग्य रस विनोद पाण्डेय अपनी प्रस्तुति दी।

इससे जनमानस को काफी अच्छा लगा एवं अपनी दिन-प्रतिदिन की भाग दौड़ भरी जिंदगी में ठहाके लगाकर इसने का मौका मिला। कवि सम्मेलन ने सभी लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

